दिनांक : 14.04.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

पीएम– हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हिसार हवाई अड्डे पर अयोध्या के लिए व्यवसायिक उडान को रवाना किया और टर्मिनल–टू भवन की आधारशिला रखी। यह नया टर्मिनल चार सौ दस करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा और इसमें आधुनिक यात्री टर्मिनल, एक डेडिकेटिड कार्गो सुविधा और हवाई यातायात नियंत्रण की सुविधा होगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का मंत्र है– सभी दलितों, गरीबों, वंचितों और पिछड़े समुदायों के त्वरित विकास के लिए काम करना। वर्ष 2014 से पहले देश में मात्र 74 हवाई अड्डे थे और अब यह संख्या 150 से अधिक हो गई

आंबेडकर जयंती मध्यप्रदेष

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। भोपाल, इंदौर और बाबा साहब की जन्मस्थली आंबेडकर नगर, महू में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगह–जगह रैलियों और सभाओं का आयोजन भी हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) स्थित जन्मस्थली पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया है। यहां तक कि उन्हें चुनाव जीतने से भी रोक दिया गया। इसलिए कांग्रेस को बाबा साहब से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी आज मऊ पहुंचकर बाबा साहब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने संसद में बाबा साहब का अपमान किया था इसलिए उन्हें महू आकर बाबा साहब से माफी मांगनी चाहिए। भोपाल में बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए लोगों की भीड़ है।

उमरिया बाघिन

उमरिया जिले के विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आतंक और दहशत का पर्याय बनी मादा बाघिन को पिंजरे में कैद कर लिया गया है। पीएफ 112, बीट पिपरिया, रेंज धमोखर से पार्क प्रबंधन ने सोमवार की सुबह ही उसे पिंजरे में कैद किया है। इससे पहले पार्क की रेस्क्यू टीम सुबह से विभागीय हाथी एवं एक्सपर्ट टीम की मदद से बाघिन को जंगल में खोज रहे थे। बाघिन के मिलने के बाद उसे ट्रेंकुलाइज कर बेहोश किया गया। उसके स्वभाव का अध्ययन के बाद फिर जंगल में छोड़ा जाएगा। आपको बता दें कि इस बाघिन

ने दो दिन पूर्व ग्राम पिपरिया के किशोर को हमला कर उसे मार डाला था। बाघिन ने एक महिला पर भी हमला किया है।

फसल अवशेष (नरवाई) कार्रवाई

इंदौर जिले में फसल अवषेष नरवाई जलाने पर 24 किसानों के विरुद्ध एक लाख 32 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया है। जिले में आज कुल 411 किसानों के पंचनामें तैयार किए गए हैं। इन पर भी अर्थ दंड अधिरोपित किया जाएगा। जिन पर राज्य शासन के नोटिफिकेशन प्रावधान अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना अंतर्गत नरवाई में आग लगाने के विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि से दण्ड अधिरोपित किया जायेगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिचौली हप्सी के द्वारा 24 किसानों के विरुद्ध एक लाख 32 हजार 500 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। यह कार्रवाई आगामी दिनों में निरन्तर जारी रहेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- गुना में हनुमान जयंती के अवसर पर कर्नलगंज क्षेत्र में निकाले जा रहे जुलूस पर हुए पथराव की घटना ने शहर में तनाव का माहौल बना दिया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- भोपाल के मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान में परोसे गए भोजन से छात्रों को फूड पॉइजनिंग हो जाने का मामला सामने आया है। पेट दर्द उल्टी दस्त,सर दर्द की शिकायत होने के बाद करीब 30 छात्रों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है।
- खंडवा जिले में महिला एवं बाल विकास अधिकारी विक्रांत दामले ने बताया कि कुपोषण को दूर करने एवं जन सहभागिता को बढ़ाया जा रहा है। मिशन आंचल के तहत प्रेमचंद जैन वार्ड के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को आनंद तिरोले द्वारा गोद लिया गया है।
- मध्यप्रदेष विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ. अवधेष प्रताप सिंह ने ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दिवंगत राजयोगिनी दादी रत्न मोहनी को राजस्थान के आबू पहुँचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पिछले दिनों दादी रतन मोहिनी जी ने 101 वर्ष की आयु उपरांत शरीर त्याग दिया था।

--------------------------------